Punjab Kesari

Page No: 9
Page Name: Vyapaar
Size: 55 sq. cm
AVE: INR 81,101

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 356,204
Frequency: Daily

Delhi - Dec 24, 2018

News monitored for: MRC

Title: Ircon giving Skill development training to womens

इरकॉन दे रहा महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण

ग़ाज़ियाबाद, (वि.): इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन), जोकि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण एवं विकास के क्षेत्र में भारत सरकार की एक अग्रणी कंपनी है, ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत महिलाओं को और सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इरकॉन ने खोड़ा, ग़ाज़ियाबाद में एक प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है, जिसमें 110 महिलाओं को सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटी कल्चर और व्यक्तित्व विकास जैसे कोर्स कराए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का मक़सद महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करके उनके रहन-सहन के स्तर को बेहतर बनाना है।

© Punjab Kesari

www.punjabkesari.com